पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की योजनाओं का प्रचार–प्रसार/प्रदर्शनी शिविर हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला, 2026 में किए जाने हेतु पंडाल निर्माण के लिए प्रकाशित निविदा पर बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के निविदा समिति की दिनांकः–29.10.2026 को आहूत बैठक की कार्यवाही।

.....

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की योजनाओं का प्रचार–प्रसार/प्रदर्शनी शिविर हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला, 2026 में किए जाने हेतु पंडाल निर्माण के लिए प्रकाशित निविदा पर बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के निविदा समिति की दिनांकः–29.10.2026 को निविदा समिति की बैठक निगम कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित रहे :–

1. श्री ऋषि कुमार, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना।
2. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।
3. श्री राधेश्याम झा, संयुक्त सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना।
4. श्री रमेश कुमार, प्रबंधक, वित्त, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना।
5. श्री अमरदीप, आई०टी० मैनेजर, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

उक्त प्रयोजन हेतु निम्नलिखित निविदाकर्त्ता भी स्वयं/प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहेः–

1- Navira Edutech Pvt. Ltd-, Patna

2- Green Basket, Patna

3- Shiva Enterprises, Hilsa, Nalanda

तकनीकी बीड की विवरणी :–

1. कार्य का नाम	:–	योजनाओं का प्रचार–प्रसार/प्रदर्शनी शिविर हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला, 2026 में किए जाने हेतु
2. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	:–	30.09.2026
3. प्राप्त निविदा की संख्या	:–	03 (तीन)
4. निविदा प्रकाशन	:–	हिंदुस्तान तथा विभागीय वेबसाइट

सर्वप्रथम निविदा समिति के सदस्य उक्त निविदा की निम्नांकित पृष्ठभूमि से अवगत हुएः–

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना की योजनाओं का प्रचार–प्रसार/प्रदर्शनी शिविर हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला, 2026 में किए जाने हेतु निविदा आमंत्रण, कार्य विवरणी एवं शर्तों से अवगत हुए। निविदा की निर्धारित अंतिम तिथि 30.09.2026 तक कुल 03 (तीन) निविदादाताओं द्वारा निविदा प्रस्तुत की गईः–

1- Navira Edutech Pvt- Ltd, Patna

2- Green Basket, Patna

3- Shiva Enterprises, Hilsa, Nalanda

निविदा समिति द्वारा की गई कार्रवाईः–

निगम कार्यालय में उक्त प्रयोजन हेतु प्राप्त कुल 03 (तीन) सीलबंद निविदाओं/दस्तावेजों को निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। निविदा खोलने के समय प्राप्त निविदा दस्तावेजों एवं संबंधित अभिलेखों की उपलब्धता का सत्यापन किया गया। तत्पश्चात प्रत्येक निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का निर्धारित पात्रता एवं तकनीकी शर्तों के आलोक में परीक्षण किया गया, जिनकी विवरणी निमन्वत है :–

1. Navira Edutech Pvt- Ltd., Patna – तकनीक बीड के अंतर्गत वांछित सभी कागजातों में से पिछले तीन वर्ष (2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) का औसत टर्नओभर निविदा शर्त्तो के अनुरूप नहीं पाया गया।

2. Green Basket, Patna – तकनीक बीड के अंतर्गत वांछित सभी कागजातों में से पिछले तीन वर्ष (2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) का औसत टर्नओभर निविदा शर्त्तो के अनुरूप नहीं पाया गया।

3.Shiva Enterprises, Hilsa, Nalanda – तकनीक बीड के अंतर्गत वांछित कंडिका–2 के अनुरूप कागजातों संलग्न नहीं होने के कारण तकनीकी निविदा में असफल पाया गया।

निविदा समिति द्वारा निविदा में सम्मिलित कुल 03 (तीन) निविदादाताओं में से तीनों निविदादाता तकनीकी निविदा की सभी वांछित शर्त्ते पूर्ण नहीं होने के कारण तकनीकी बीड में सर्वसम्मति से असफल धोषित किया गया। तकनीकी निविदा असफल रहने के कारण वित्तीय निविदा को यथास्थिति रखने की अनुशंसा की गई। साथ ही निविदा समिति के निर्णय को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने एवं सभी निविदादाआतों को सूचित करने का निर्णय लिया गया।

Amardeep 29/10/2026

(अमरदीप)
आई०टी० मैनेजर,
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

29.10.2026

(रमेश कुमार)
प्रबंधक, वित्त,
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं
विकास निगम, पटना।

29.10.26

(राधेश्याम झा)
संयुक्त सचिव
उद्योग विभाग,
बिहार, पटना

29/10/26

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

29/10/2026

(ऋषि कुमार)
प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं
विकास निगम, पटना।